>

Title: Need to review the method of exploration of gas and petroleum by ONGC in Mehsana Parliamentary Constituency in Gujarat causing contamination and depletion of water table in the region.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना में गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों का अपार भंडार है। इस इलाके में आज गैस एवं पेट्रोलियम का अन्वेषण कार्य ओ.एन.जी.सी द्वारा किया जा रहा है। पूरे देश का 33 प्रतिशत गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थ मेहसाना से मिल रहा है। ओ.एन.जी.सी के द्वारा ठीक ढंग से अन्वेÂाण कार्य किये जाने के कारण भूमि जल स्तर 15 मीटर से 500 मीटर चला गया है एवं पानी में फ्लोराइड तत्व भी मिल गये हैं जिसके कारण लोगों को एक ओर खेतीबाड़ी के लिए पानी नहीं मिल रहा है और दूसरी तरफ दूषित पानी के पीने से लोगों के बीच अनेक बीमारियां हो रही हैं। इस संबंध में सरकार की एजेंसियों ने पानी की उपलब्धता एवं पानी की गुणवत्ता को बहुत गंभीर बताया है।

सरकार से अनुरोध है कि ओ.एन.जी.सी को अन्वेषण कार्य इस तरह से करने को कहा जाये जिससे भूमि का जल स्तर ऊपर हो एवं पानी में खतरनाक तत्वों का समावेश न हो और साथ ही ओ.एन.जी.सी द्वारा मेहसाना में पानी की उपलब्धता एवं पानी की गुणवत्ता को बनाये रखने हेतु धनराशि की व्यवस्था के लिए भी कहा जाये।

* Treated as laid on the Table.